# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल (म.प्र.)

पता – आकाशवाणी के सामने, बैतूल, जिला–बैतूल (म..प्र.) पिन : 460001

E-Mail dfotsbetul@mp.gov.in

Fax / Phone : 07141-234266


## खंड –I

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

## मध्यप्रदेश शासन

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 8140/ई–टेंडरिंग/2025–26 दिनांक 24/11/2025

वनमंडलाधिकारी, दक्षिण बैतूल (सा0) वनमंडल द्वारा म0प्र0 भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित–2022) के अंतर्गत वन्य एवं वन्यप्राणी तथा अन्य वन संपदा की प्रभावी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये वित्तीय वर्ष 2025–26 (31 मार्च 2026 तक) के लिए मासिक किराये पर वाहन अनुबंधित करने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्यालय का नाम | वाहन संख्या | वाहन का प्रकार | सत्यंकार की निधि (रू.में) | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिक्षेत्र अधिकारी आमला (सा.) | 01 | बोलेरो/स्कार्पियों | 20,000 | 500/– |
| 2 | परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती (सा.) मुख्या. बैतूल | 01 | बोलेरो/स्कार्पियों | | |
| 3 | परिक्षेत्र अधिकारी मुलताई (सा.) | 01 | बोलेरो/स्कार्पियों | | |
| 4 | परिक्षेत्र अधिकारी आठनेर (सा.) मुख्या. मोर्शी | 01 | बोलेरो/स्कार्पियों | | |
| 5 | परिक्षेत्र अधिकारी भैसदेही (सा.) | 01 | बोलेरो/स्कार्पियों | | |
| 6 | परिक्षेत्र अधिकारी सावलमेंढा (सा.) | 01 | बोलेरो/स्कार्पियों | | |
| 7 | वनचौकी अंधेरबावडी परिक्षेत्र सावलमेंढा (सा.) | 01 | बोलेरो/स्कार्पियों | | |
| 8 | दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल, उड़नदस्ता | 01 | बोलेरो/स्कार्पियों | | |

1-निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।

2-इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 29-11-2025 समय 06:00 PM से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।

3-ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।

4-ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।

5-ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल - https://www.mptenders.gov.in/

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Publishing Date | 29-11-2025 | निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाइट - https://www.mptenders.gov.in/ पर दर्शित है। |
| 2 | Document Download/Sale start Date | 29-11-2025 | |
| 3 | Bid Submission start Date | 01-12-2025 | |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 20-12-2025 | |
| 5 | Bid Opening Date | 22-12-2025 | |

वनमंडलाधिकारी

दक्षिण बैतूल (सा0) वनमंडल

## खंड –II

# निविदाकारों के लिए निर्देश (आईटीबी)
## मध्यप्रदेश शासन

### अ. महत्वपूर्ण तिथियां /सामान्य जानकारी

| क्र. | जानकारी | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | संक्षिप्त विवरण | वनमंडल अंतर्गत वन्य एवं वन्यप्राणी तथा अन्य वन संपदा की प्रभावी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये मासिक किराये पर वाहन अनुबंधित करने हेतु ई–निविदा आमंत्रित |
| 2 | ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या | ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/................/ई-टेंडरिंग/2025-26/ दिनांक ......./....../2025 |
| 3 | निविदा शुल्क/निविदा दस्तावेज की लागत | 500/– प्रोसेसिंग शुल्क (पोर्टल द्वारा स्वचालित रूप से निर्धारित) |
| 4 | सत्यांकार निधि | राशि रूपये 20000/– |
| 5 | निविदा प्रस्ताव की वैद्यता | उस वित्तीय वर्ष के भीतर जिसमें वनमंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल वनमंडल द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। |
| 6 | निष्पादन सुरक्षा | राशि रूपये 20000/– |
| 7 | अनुमानित निविदा मूल्य | राशि रूपये 15,00,000/– |

1निविदा की स्वीकृत दरों की वैधता सफल निविदाकार और वनमण्डलाधिकारी दक्षिण बैतूल (सा0) वनमण्डल के बीच आपसी सहमति के अधीन 90 दिनों तक या आगामी निविदा तक बढ़ाई जा सकती है।

2. वनमण्डलाधिकारी दक्षिण बैतूल (सा0) वनमण्डल (निविदाकर्ता) किसी भी समय और बिना कोई कारण बताए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) प्रक्रिया को समाप्त कर सकता है। निविदाकर्ता कोई भी स्पष्ट या निहित प्रतिबद्धता नहीं करता है कि इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप किसी के साथ कोई व्यापारिक लेनदेन होगा। यह प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर०एफ०पी०) निविदाकर्ता द्वारा कोई प्रस्ताव नहीं है। इस प्रक्रिया में निविदाकर्ता, निविदाकार की भागीदारी के परिणामस्वरूप, निविदाकार से और जानकारी या स्पष्टीकरण मांग सकता है। हालाँकि, निविदाकर्ता किसी भी समय बिना कोई कारण बताए इस प्रक्रिया को समाप्त कर सकता है।

3. प्रति निविदाकार एक निविदाः

3.1 निविदाकार एक व्यक्तिगत इकाई या संयुक्त उद्यम हो सकता है। संयुक्त उद्यम की आवश्यकता अनुलग्नक 6 में दी गई है।

3.2 कोई भी निविदाकार संयुक्त रूप से या अलग–अलग एक से अधिक निविदायें प्रस्तुत करने का हकदार नहीं होगा। यदि वह ऐसा करता है, तो निविदाकार द्वारा भाग ली गई सभी निविदायें अयोग्य मानी जाएँगी।

4.निविदाकार को अपनी निविदा तैयार करने और प्रस्तुत करने से जुड़े सभी खर्चे वहन करना होगा, और इसके लिए सरकार पर कोई भी दावा नहीं किया जाएगा।

5. निविदाकार को सलाह दी जाती है कि यह कार्य/आपूर्ति स्थल और उसके आस–पास का दौरा करें और निरीक्षण करें तथा निविदा तैयार करने और अनुबंध में प्रवेश करने के लिए आवश्यक सभी जानकारी अपनी जिम्मेदारी पर प्राप्त करें। इस संबंध में सभी खर्चे निविदाकार को वहन करना होगा।

वनमंडलाधिकारी
दक्षिण बैतूल (सा0) वनमंडल